प्रीलिम्स फैक्ट्स : 12 नवंबर, 2018

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-12-november-2018

गंगा ग्राम

गंगा ग्राम एक विचार है, जो गंगा तट पर बसे गांव को आदर्श गांव में परिणत करने से संबंधित है।

- इसके तहत खुले में शौच से मुक्ति, ठोस और द्रव कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, भूजल स्तर को बेहतर बनाना, आधुनिक शवदाह गृह, वृक्षारोपण, जैविक और औषधीय पौधा रोपण आदि को शामिल किया गया है।
- गंगा तट पर बसे 4465 गांवों को खुले में शौच से मुक्त घोषित करने के बाद पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय इस क्षेत्र की ओडीएफ स्थिति को बनाए रखने की दिशा में कार्य कर रहा है।
- पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय इस महीने के दौरान गंगा ग्राम स्वच्छता सम्मेलन की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है।